# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६ -२७**

**कक्षा:** तीन | **विषय:हिंदी** | **पाठ: ७ (पानी की खोज में)**

**कठिन शब्द**

**१.अजीब**

**२. ग्रह**

**३. भ्रमण**

**४. हानिकारक**

**५. रसायन**

**६. रॉकेट**

**७. अशुद्ध**

**८. ज़हरीला**

**९. परिश्रम**

**१०. अंटार्कटिका**

११. प्राणियों

१२. अनमोल

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -----

प्रश्न १ ज़ीटो कहाँ से और क्यों आया था ?

उत्तर - ज़ीटो दूसरे ग्रह से पृथ्वी पर शुद्ध पानी की खोज के लिए आया था।

प्रश्न २ नदी का पानी ज़हरीला क्यों हो गया था ?

उत्तर - कारखानों के रसायन और गंदगी नदी में मिलने से नदी का पानी ज़हरीला हो गया था।

प्रश्न ३ टीना का मन दुखी क्यों हो गया ?

उत्तर - टीना को जब पता चला कि साफ़ पानी मिलना कठिन है क्योंकि लोग पानी को गंदा कर रहे हैं, इसलिए उसका मन दुखी हो गया।

प्रश्न ४ धरती के प्राणियों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए क्या आवश्यक है ?

उत्तर - धरती के प्राणियों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए नदियों, तालाबों, झीलों और

कुँओं के पानी को साफ़ - सुथरा रखना तथा जल का संरक्षण करना आवश्यक है।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) ग्रह - सौरमंडल के ग्रह जैसे - पृथ्वी, मंगल, शुक्र आदि।

वाक्य - हमारे सौरमंडल में कुल आठ ग्रह है।

ख) भ्रमण - घूमना

वाक्य - प्रातः कालीन भ्रमण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

ग) जाँच -परख

वाक्य - मजिस्ट्रेट ने मामले की जाँच करने के लिए पुलिस को आदेश दिया।

घ) अनमोल - जिसका कोई मूल्य न हो

वाक्य - पानी अनमोल है, उसे बिना बात नष्ट नहीं करना चाहिए।